प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय

पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

विद्यार्थियों ने सिखाए ग्रामीणों को मानसिक तनाव से मुक्त रहने के गुण

पन्तनगर। 10 अक्टूबर 2023। विश्वविद्यालय में गृह विज्ञान महाविद्यालय के चतुर्थ वर्ष के विद्यार्थियों द्वारा 'विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस' के अवसर पर नगला डेरी कॉलोनी पर एक–दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें नुक्कड़–नाटिका के माध्यम से मानसिक बीमारियों के बारे में लोगों को जागरूक किया तथा मानसिक तनाव को दूर करने व मन को स्वस्थ बनाने के लिए विभिन्न योगा आसनों का प्रशिक्षण भी दिया। इस मौके पर बच्चों व ग्रामीण महिलाओं ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया। इस कार्यशाला में प्रसार विभाग की डा. अनुपमा पाण्डे, डा. पूजा टम्टा व डा. प्रियंका जलाल मौजूद थे।

कार्यशाला में विद्यार्थियों द्वारा योगा आसन प्रशिक्षण प्रदान करते।

निदेशक संचार